Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to withdraw remission policy of the State and punish rape convicts with life imprisonment

कुंवर दानिश अली (अमरोहा): सभापति महोदय, आपने मुझे एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा उठाने का मौका दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद । देश की जानकारी में है कि किस तरीके से देश में लगातार रेप की घटनाएं बढ़ रही हैं । यह किसी भी राज्य का मामला हो, चाहे उत्तर प्रदेश में उन्नाव रहा हो, हाथरस हो या उत्तराखंड में रिजॉर्ट के अंदर की घटना सभी के सामने है, कठुआ का मामला हो या गुजरात में बिलकिस बानो की बच्ची के साथ रेप का मामला हो ।

ऐसे अपराध करने वाले लोगों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं । उसकी वजह है, क्योंकि उनको सही सजा नहीं होती । अगर किसी केस में सजा हो भी जाती है तो स्टेट गवर्नमेंट रेमिशन पॉलिसी के तहत जो लाइफ इम्प्रिजनमेंट होता है, उसमें उसको छोड़ देती है । पिछले दिनों गुजरात के अंदर का यह मामला आया, जो केस पूरी दुनिया में हाई लाइटेड था, बिलकिस बानो की बच्ची का रेप के साथ मर्डर हुआ, लेकिन उन अपराधियों को यह कहकर छोड़ दिया गया कि इनका आचरण बहुत अच्छा था । जब वे जेल से बाहर निकले तो उनका स्वागत किया गया । … (व्यवधान)

मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि रेमिशन के प्रावधान को केन्द्र सरकार विड्रा करे और ऐसे लोगों को लाइफ इम्प्रिजनमेंट होना चाहिए ।

کنور دانش علی (امروہہ): محترم چیرمین صاحب، آپ نے مجھے ایک بہت اہم مُدعہ اُٹھانے کا موقع دیا اس کے لئے آپ کا بہت شکریہ. ملک کی جانکاری میں ہے کہ کس طرح سے ملک میں ریپ کے واقعات بڑھتے جا رہے ہیں. یہ کسی بھی ریاست کا معاملہ ہو، چاہے اُتر پردیش میں اُنّاوُ کا معاملہ ہو، ہاتھرس ہو یا اتراکھنڈ میں ریزورٹ کے اندر کی گھٹنا سب کے سامنے ہے، کٹھوا کا معاملہ ہو یا گجرات میں بلقیس بانوں کی بچی کے ساتھ ریپ کا معاملہ ہو.

ایسے جرائم کرنے والے لوگوں کے حوصلے لگاتار بڑھتے جا رہے ہیں. اس کی وجہ ہے کیونکہ ان کو سہی سزا نہیں ہوتی ہے. اگر کسی کیس میں سزا ہو بھی جاتی ہے تو اسٹیٹ گورنمنٹ ریمیشن پالیسی کے تحت جو عمر قید ہوتی ہے، اس میں اس کو چھوڑ دیتی ہے. پچھلے دنوں گجرات کے اندر یہ معاملہ آیا، جو کیس پوری دنیا میں ہائلائٹڈ تھا. بلقیس بانوں کی بچّی کا ریپ کے ساتھ مرڈر ہوا، لیکن ان اپرادھیوں کو یہ کہہ کر چھوڑ دیا گیا کہ ان کا آچرن بہت اچھا تھا. جب وہ جیل سے باہر نکلے تو انکا سواگت کیا گیا (مداخلت)

میری مرکزی سرکار سے مانگ ہے کہ ریمیشن کے پراوُدھان کو مرکزی سرکار وِدڑا کرے اور ایسے لوگوں کو عمر قید ہونی چاہئیے. شکریہ..

HON. CHAIRPERSON : Hon. Members, please confine your matter to one minute.

… (*Interruptions*)